दिनांक : 11.10.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

पीएम-पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि नियम आधरित हिंद-प्रशांत क्षेत्र पूरे क्षेत्र की शांति और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस अवसर पर दक्षिण चीन सागर का उल्लेख करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में होगी। प्रधानमंत्री आज लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की राजधानी वियंनचन में 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे हिंसक संघर्षों पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण विस्तारवाद की जगह विकासवाद का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर कोई चाहता है कि यूरेशिया और पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल हो। श्री

मोदी ने दोहराया कि यह युद्ध का युग नहीं है। प्रधानमंत्री ने सभी देशों की संप्रभुता,क्षेत्रीय अंखडता और अंतर्राष्ट्रीय नियमों का सम्मान करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में भारत हर संभव सहयोग करता रहेगा।

दुर्गा पूजा

देशभर में दुर्गा पूजा उत्सव का उल्लास चरम पर पहुंच गया है। शारदीय नवरात्र अनुष्ठान में आज महाअष्टमी और महानवमी पर मॉ दुर्गा के स्वरूप महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जा रही है। इस अवसर पर पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ कन्या पूजन का भी विधान है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा के अवसर पर देश-विदेश के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने शुभकामना संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा अन्याय पर न्याय और असत्य पर सत्य की जीत और साहस का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी सभी प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सभी को संकल्प सिद्धि का असीम आशीर्वाद दें। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह

चौहान ने भोपाल में शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के अवसर पर अपने आवास पर कन्या भोज का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी देशवासियों से मेरी प्रार्थना है कि बेटी का आदर करें, सम्मान करें।

दुर्गा पूजा-प्रदेश

नवरात्री की महाअष्टमी व महानवमी के मौके पर आज आगरमालवा जिले के अनेक घरों में शक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी तथा नवें स्वरूप सिद्धिदात्री के रूप में कुलदेवी की पूजा अर्चना श्रद्धा व आस्था से की जा रही है। वही अनेक स्थानों पर कन्या भोजन के लिये भी आयोजन किये गये है। जिले के नलखेड़ा स्थित विष्वप्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ माँबगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में आये श्रृद्धालु भक्तजन दर्शन लाभ ले रहे है। गुना में आज माता मंदिरों पर पूजा अर्चना के साथ भंडारे का दौर जारी है। शिवपुरी जिले के प्रसिद्ध राजराजेश्वरी माता मंदिर, कैला माता मंदिर और काली माता मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की दर्शन के लिए भीड़ रही। यहां आज शाम को चल समारोह निकाले जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

1- सागर जिले के देवरी से बीजेपी विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। विधायक एक डॉक्टर के खिलाफ रिश्वत मांगने को लेकर थाने में एफआईआर दर्ज कराने गए थे। थाने में एफआईआर नही लिखे जाने पर उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को भेज दिया और धरने पर बैठ गए थे।

2- नर्मदापुरम के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 14 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लगभग 25 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

3- नर्मदापुरम जिले के शिवपुर के पास मलकाखेड़ी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से भेड़ चराने वाले दो मजदूर उसकी चपेट में आ गए। जिनमें से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा झुलस गया।

4- उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्गपर आगरमालवा जिले में कल

सुसनेर मार्ग पर एक ट्रक में तेज रफ्तार कार पीछे से घुस गई। इस हादसे में पति-पत्नि की मौत हो गई वही तीन अन्य घायल हो गये।